ई–मेल

महत्वपूर्ण/अनुस्मारक

प्रेषक,

निदेशक,
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

सेवा में,

1– समस्त मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
2– मुख्य तकनीकी अधिकारी, (भेड़ ) प्रयागराज, कौशाम्बी, वाराणसी,चन्दौली, सन्तरविदासनगर
3– प्रयोजना अधिकारी, संघन भेड़ एवं ऊन विकास प्रयोजना, मिर्जापुर।
4– परियोजना निदेशक, बृहद भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, भैसोड़ा नौगढ़, चन्दौली।
5– प्रक्षेत्र अधीक्षक,राजकीय भेड एवं बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र बोहदपुरा ,उरई जालौन।

संख्याः 330 /प0–1/9ख/भेड़ प्रजनन सुविधा/2018–19 दिनाँकः 7-5-2019

विषयः चालू वित्तीय वर्ष 2019–20 में भेड़ प्रजनन सुविधाओं का प्रसार एवं सुदृढीकरण (जि0यो0) अनुदान संख्याः 15 के अन्तर्गत मांग पत्र उपलब्ध कराने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्याः 271/प 1/9ख/भेड प्रजनन सुविधा/2018–19 दिनांक 9 अप्रैल, 2019 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिये प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष मांग पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे।किन्तु कतिपय जनपदो द्वारा ही अभी तक उपलब्ध कराया गया है ।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भेड़ प्रजनन सुविधाओं का प्रसार एवं सुदृढीकरण (जि0यो0) के अन्तर्गत भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्र/मेढ़ा केन्द्रों तथा भेड़ पालकों द्वारा पाली जा रही भेडों में चिकित्सा, दवापान तथा स्वीकृत भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्र/मेढ़ा केन्द्रों की मरम्मत तथा भेड़ पालकों को भेड़ों में प्रजनन कार्य हेतु अशंदान पर नर मेढ़ा उपलब्ध कराये जाने हेतु संचालित की गयी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त योजनान्तर्गत धनराशि की निम्नानुसार(दिये गये प्रारूप) जनपदवार मदवार **(मानक मद 1– 29–अनुरक्षण, 2– 39–औषधि तथा रसायन, 3– 40–औषधालय सम्बन्धी आवश्यक साज सज्जा, 4– 42–अन्य व्यय, 5– 43–सामग्री एवं सम्पूर्ति के अन्तर्गत)** मांग पत्र एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को ई–मेल द्वारा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, तथा प्रस्तुत मांग के अनुसार ही जनपद अन्तर्गत परिव्यय कराना सुनिश्चित करें, की अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं जिम्मेदार होगें और यह समझा जायगा कि आपके जनपद/प्रक्षेत्र को उपरोक्त योजनान्तर्गत धनराशि की आवश्यकता नही है । भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्रो की स्थापना एवं स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा कोड निर्धारित कर दिया गया है,(शासनादेश की छायाप्रति संलग्न) ।

| वर्ष 2018–19 हेतु आवंटन मदवार | उपयोग | समर्पण | वर्ष 2019–20 मदवार मांग | मांग का औचित्य |
|---|---|---|---|---|

भवदीय,

(डा0 एस0के0 श्रीवास्तव)
निदशक,
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र

संख्याः प0–1/9ख/भेड़ प्रजनन सुविधा/2017–18 दिनाँकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त मण्डलीय अपर निदेशक,ग्रेड–2,पशुपालन विभाग,उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि अपने मण्डल अधीन जनपदों के अन्तर्गत उक्त योजनान्तर्गत वर्ष 2019–20 हेतु मांग पत्र तथा प्रस्तुत मांग पत्र के अनुसार परिव्यय कराने हेतु अपने स्तर से भी निर्देश देने का कष्ट करें।
2– उपनिदेशक (प्रक्षेत्र) पशुपालन विभाग, महानगर, लखनऊ।
3– संयुक्त निदेशक (नियोजन) प्रधान कार्यालय।

(डा0 एस0के0 श्रीवास्तव)
निदशक,
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र

Sheep prastay 2018-19